वेबसाईट : www.abvp.org

पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 19 फरवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं को जीएसटी से छूट दिए जाने संबंधी निर्णय स्वागतयोग्य : अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जीएसटी काउंसिल द्वारा एनटीए के माध्यम से आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को 'वस्तु एवं सेवा कर' से छूट देने संबंधी निर्णय का स्वागत करती है, इस निर्णय से देश के लाखों छात्रों को शुल्क में राहत मिलेगी।

ध्यातव्य हो कि जीएसटी के माध्यम से देश की कर व्यवस्था में सुधार की घोषणा के बाद से ही अभाविप ने छात्रों तथा युवाओं से जुड़े विषयों को कर से राहत देने की मांग की थी तथा केन्द्रीय वित्त मंत्री के समक्ष भी प्रवेश परीक्षा पर से जीएसटी हटाने का विषय प्रमुखता से उठाया था, जीएसटी काउंसिल ने इस दिशा में छात्रों के हित में वस्तु और सेवा कर से छूट देने संबंधी निर्णय लिया है, यह कदम अभिनंदनीय हैं।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "जीएसटी काउंसिल का नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित किए जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं व अन्य परीक्षाओं को जीएसटी कर मुक्त करने का निर्णय स्वागत योग्य है। पूर्व में 18 प्रतिशत जीएसटी कर लगने से शुल्क और बढ़ जाता था, इसके संदर्भ में अभाविप ने जीएसटी कर से राहत की मांग भी की थी। विभिन्न परीक्षाओं तथा नौकरियां के लिए जाना वाला शुल्क विद्यार्थियों की आर्थिक सुविधानुसार होना चाहिए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)